झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–04/2018 के अधीन स्थगित चयन प्रक्रिया को सुचारू किया जा रहा है। विज्ञापन की कंडिका–6(iv) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के लिए साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थी की संख्या सुनिश्चित करने हेतु आयोग द्वारा निम्नवत् निर्णय लिया गया हैः–

i. अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र में विज्ञापन की कंडिका–6(ii) हेतु दावे किये गये अंकों पर अवरोही क्रम में विचार करते हुए कोटिवर रिक्ति के लिए 04 गुणे अभ्यर्थियों के औपबंधिक रूप से आवंटित अंक एवं कोटिवार Cut Off Mark को प्रकाशित किया जायेगा। इस आंवटित अंक के विरूद्ध इन अभ्यर्थियों को आपत्ति(अंक बढ़ोतरी के संबंध में) समर्पित करने का अवसर दिया जायेगा। साथ ही वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपने आवदेन पत्र में विज्ञापन की कंडिका–6(ii) के लिए Cut Off Mark से अधिक या बराबर अंक का दावा किया है परन्तु उनका अंक प्रकाशित नहीं किया गया है, को भी आपत्ति समर्पित करने का अवसर दिया जायेगा। प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात विज्ञापन की कंडिका–6(iv) के आलोक में साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा।

ii. उपर्युक्त के संदर्भ में अभ्यर्थिता, विज्ञापन की कंडिका–6(ii), आरक्षण एवं निःशक्तता हेतु अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में किये गये दावे के पुष्टि हेतु आवश्यकता अनुसार संबंधित प्रमाण पत्र/अभिलेख की माँग की जा सकती है। इससे संबंधित निर्देश समय–समय पर निर्गत किये जायेंगे।

2\. i. विज्ञापन के अधीन चयन प्रक्रिया Santhali विषय से आरंभ की जायेगी। इस विषय के लिए उपर्युक्त कंडिका–1(i) के आलोक में आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर दिनांक–14.02.2022 को औपबंधिक रूप से आवंटित अंक को प्रकाशित किया जायेगा एवं दिनांक–18.02.2022 तक इस आवंटित अंक के विरूद्ध अभ्यर्थियों को आपत्ति समर्पित करने का अवसर दिया जायेगा। आपत्ति समर्पित करने एवं अन्य वांछित सूचना/अभिलेख समर्पित करने संबंधित निर्देश भी दिनांक–14.02.2022 से आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

ii. आवंटित अंक के विरूद्ध प्राप्त आपत्तियों एवं वांछित सूचना/अभिलेख पर विचार करने के पश्चात् विज्ञापन की कंडिका–6(iv) के आलोक में औपबंधिक रूप से साक्षात्कार हेतु योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार आयोग कार्यालय में क्रमशः दिनांक–26.02.2022 एवं 28.02.2022 को पूर्वाहन 10:00 बजे से निर्धारित है। औपबंधिक रूप से साक्षात्कार हेतु योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची उनके अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार की तिथि तथा निर्देश सहित दिनांक–22.02.2022 से आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

ह0/
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।